देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 134 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...देशज ज्ञान का महिमामंडन



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 26 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0°

37540.41

2 संयुक्त राष्ट्र में बेनकाब पाकिस्तान
7 क्रिस गेल का कोरोना टेस्ट नेगेटिव

## संक्षिप्त समाचार

### भगोड़े नीरव मोदी के खिलाफ और कसा शिकंजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नयी दिल्ली। इंटरपोल ने पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी नीरव मोदी की पत्नी एमी मोदी के खिलाफ धन शोधन के आरोपों में एक वैश्विक गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर वैश्विक पुलिस निकाय इंटरपोल ने 'रेड नोटिस' जारी किया है। एक बार भगोड़े के खिलाफ जारी किए गए इस तरह के नोटिस के बाद, इंटरपोल अपने 192 सदस्यीय देशों को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने के लिए कहता है, जब उसे उनके देशों में देखा जाता है।

### 6 लोगों से सीबीआई की एक साथ पूछताछ, रिया को भेज सकती है समन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत के केस में जांच टीम के अधिकारी लगातार संबंधित लोगों के पूछताछ कर रहे है। सीबीआई ने आज मुंबई पुलिस के भूषण बालनेकर को समन भेजा है। इसके अलावा बांद्रा पुलिस स्टेशन के सब इन्स्पेक्टर को भी समन भेजा गया है। वहीं, दूसरी ओर सुशांत के चार्टर्ड अकाउंटेंट संदीप श्रीधर, सुशांत के दोस्त सिद्धार्थ पिठानी, रसोइए नीरज, रजत मेवाती और केशव समेत सीबीआइ 6 लोगों से डीआरडीओ गेस्ट हाउस में पूछताछ की गई। माना जा रहा है अब सीबीआइ रिया चक्रवर्ती को कभी भी पूछताछ के लिए बुला सकती है।

### संजय दत्त को मिला यूएस के लिए 5 साल का वीजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मुंबई। संजय दत्त को बीते दिनों कैंसर का पता चला है। वह अपना शुरुआती इलाज मुंबई में ही करवा रहे थे। अब लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, वह इलाज के लिए यूएस जाने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संजय दत्त को लंग कैंसर है। एक न्यूज पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय को कैंसर का पता चलते ही उन्होंने यूएस के वीजा के लिए अप्लाई कर दिया था।

# पुलवामा का गुनहगार मसूद

## पुलवामा हमले में एनआइए ने दायर की 5 हजार पन्नों की चार्जशीट

■जैश चीफ मसूद अजहर समेत 20 आरोपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
जम्मू। पुलवामा आतंकी हमले मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू एनआइए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) प्रमुख मौलाना मसूद अजहर, उसके भाई अब्दुल रईस असगर, आतंकवादी संगठन के कई अन्य कमांडरों के नाम शामिल हैं। एनआइए ने पाकिस्तान के इशारे पर किए गए इस फिदायीन हमले में शामिल होने के आरोप में करीब सात लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इस हमले में करीब 40 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान शहीद हो गए थे।
13,500 से अधिक पन्नों की यह चार्जशीट डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल सोनिया नारंग और एसपी राकेश बलवाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जांच के बाद पूरी की गई है। एनआइए अदालत के समक्ष चार्जशीट दायर करने के बाद एनआइए अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि इस हमले का मास्टर माइंड जैश ए मोहम्मद मसूद अजहर अलवी, उसका भाई थे। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ ने भी उनकी पूरी मदद की।उन्होंने इन आरोपों को साबित करने के लिए कोर्ट के समक्ष सबूत भी पेश किए। हमले में अपनाई गई तकनीक, सामग्री और घटना स्थल से जुटाए गए सबूत यह साबित करते हैं कि इसमें पाकिस्तान का ही हाथ था। जांच के साथ ही गई गिरफ्तारियों, उनसे हुई पूछताछ, सोशल मीडिया चौट्स, कॉल आदि के रिकार्ड भी कोर्ट को दिखाए गए जो यह साबित करते हैं कि हमले को अंजाम देने में जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन की भूमिका रही।
एनआइए की जांच में पता चला है कि पाकिस्तान ने कश्मीर के स्थानीय निवासी आदिल अहमद डार का इस्तेमाल किया। उसी ने पुलवामा में विस्फोटकों से लदी कार के साथ सीआरपीएफ के काफिले में शामिल बस को टक्कर मारी थी। इस आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के चालीस जवान शहीद हो गए थे। क्योंकि इस हमले को जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन ने अंजाम दिया था इसीलिए एनआइए ने संगठन के संस्थापक अजहर को अपनी चार्जशीट में अहम आरोपी बनाया है। अजहर वहीं है जिसे आतंकवादियों ने वर्ष 2000 में अगवा किए गए विमान में बैठे 155 यात्रियों के बदले जेल से रिहा करवाया था। पाकिस्तान में पहुंचने पर अजहर ने कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के इरादे से जैश ए मोहम्मद की स्थापना की थी।

### चार्जशीट में नाम

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के फाउंडर मौलाना मसूद अजहर और उसका छोटा भाई, मुफ्ती अब्दुल रऊफ असगर एनआईए की चार्जशीट में मुख्य आरोपी है। बता दें कि पुलवामा हमले के बाद से अब तक जैश के सात आतंकियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें, शाकिर बशीर मैगरी, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद इकबाल, वैज उल इस्लाम, इंशा जां, तारिक अहमद शाह और बिलाल अहमद शामिल हैं।



### एनकाउंटर में मारा गया कई आतंकी

पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद उमर फारूक के नाम, जिन्हें हमले को अंजाम देने के लिए भारत भेजा गया था, कामरान, श्रमड के एरिया कमांडर, मुदस्सिर खान और आदिल अहमद डार भी चार्जशीट में शामिल हैं। लेकिन आरोपियों के रूप में नहीं, क्योंकि वे मारे गए हैं। फारूक, कामरान, और मुदस्सिर खान मार्च 2019 में सुरक्षा बलों के साथ आग के अलग-अलग एनकाउंटर में मारा गया था। गृह मंत्रालय ने अजहर और अन्य के खिलाफ एंटी-टेरर लॉ के तहत चार्जशीट दायर करने की अनुमति दे दी है।

# देश में कोरोना केस साढ़े 31 लाख पार

## देश में चल रहा है तीन वैक्सीन का परीक्षण, रूस के संपर्क में है सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। कोरोना वायरस पर मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रेस कांफ्रेंस में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि आज देश में ठीक हुए लोगों की संख्या एक्टिव केसों से 3.4 गुनी ज्यादा है। रिकवर हुए मरीजों की संख्या 24 लाख से अधिक है। कुल मामलों के 22.2 प्रतिशत केस एक्टिव हैं। रिकवरी रेट 75 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है। अब तक 3 करोड़ 60 लाख टेस्ट हो चुके हैं।
राजेश भूषण ने कहा कि पिछले 24 घंटों में एक्टिव मामलों में 6423 की गिरावट दर्ज हुई है। कुल एक्टिव मामलों में से कुल 2.70 प्रतिशत मामले ही ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। एक्टिव मामलों में से 1.92 प्रतिशत मरीज ही ICU में है और 0.29 प्रतिशत वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। भारत में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.58 फीसद है जो दुनिया में सबसे कम है। अभी तक कोरोना की वजह से कुल 58,390 मौतें हुई हैं जिसमें से 69 फीसद पुरुष और 31 फीसद महिलाएं हैं। 36 फीसद 45-60 आयु के और 51 फीसद 60 और उससे ऊपर की आयु वर्ग वाले लोग हैं।
स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि जहां तक स्पुतनिक -5 वैक्सीन का संबंध है, भारत और रूस एक दूसरे के संपर्क में हैं। कुछ प्रारंभिक जानकारी साझा की गई है। आईसीएमआर के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) बलराम भार्गव ने कहा कि आइसीएमआर का सिरो सर्वे का प्रकाशन जल्द्द होने वाला है। यह इस सप्ताह इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में दिखाई देनी चाहिए। इसकी समीक्षा की गई है। दूसरा राष्ट्रीय सीरो सर्वे सितंबर के पहले सप्ताह में पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में तीन कोविड-19 वैक्सीन का परीक्षण चल रहा है।

### दक्षिण भारत में तेजी जारी

दक्षिण भारत के राज्यों में कोरोना का प्रकोप बना हुआ है। आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक 8,601 नए मामले मिले हैं और संक्रमितों की संख्या तीन लाख 61 हजार 712 हो गई है। तमिलनाडु में 5967 नए केस साथ कुल मामले तीन लाख 85 हजार 352 और तेलंगाना में 1,842 नए मामलों के साथ कुल एक लाख 6 हजार से अधिक संक्रमित अब तक सामने आ चुके हैं।



## माफी मांगने में गलत क्या है,क्या यह शब्द इतना बुरा है: सुको

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। जजों और न्यायपालिका के खिलाफ ट्वीट करने को लेकर प्रशांत भूषण के खिलाफ कॉन्टेंप्ट मामले में सजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सजा को लेकर बहस के दौरान भी भूषण माफी न मांगने पर अड़े रहे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफी मांगने में गलत क्या है, क्या यह शब्द इतना बुरा है। इस दौरान अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट से भूषण को भविष्य के लिए चेतावनी देकर छोड़ने का सुझाव दिया। दूसरी तरफ भूषण का पक्ष रख रहे राजीव धवन ने अपने मुवक्किल का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने कोई मर्डर या चोरी नहीं की है लिहाजा उन्हें शहीद न बनाया जाए। आइए देखते हैं सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ, किसने क्या कहा।
सुप्रीम कोर्ट में प्रशांत भूषण के ट्वीट मामले में सजा पर बहस के दौरान मंगलवार को जस्टिस अरुण मिश्रा की अगुआई वाली बेंच के सामने सुनवाई शुरू हुई। तब प्रशांत भूषण के वकील राजीव धवन ने कहा कि भूषण का बयान वह पढ़ना चाहते हैं तो जस्टिस मिश्रा ने कहा कि हम पढ़ चुके हैं और हम पहले अटॉर्नी जनरल को सुनना चाहते हैं। अटॉर्नी जनरल ने अपने बयान में कहा कि प्रशांत भूषण को मामले में सजा न दी जाए। भविष्य के लिए चेतावनी देकर छोड़ा जाए।
वही प्रशांत भूषण के वकील ने कहा फैसला वापस लिया जाय। अदालत से सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### कॉन्टेंप्ट मामला

प्रशांत भूषण के खिलाफ अवमानना केस में फैसला सुरक्षित



**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## चीन सीमा पर जवानों को मिला घातक हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल से सटे इलाकों में चीनी हेलिकॉप्टरों की हरकतों के मद्देनजर भारत ने पड़ोसी के किसी भी हिमाकत को मुंहतोड़ जवाब देने की पूरी तैयारी कर ली है। एलएसी से सटे ऊंचाई वाले अहम इलाकों पर भारत ने शोल्डर-फायर्ड एयर डिफेंस मिसाइल से लैस जवानों को तैनात किया है। इस मिसाइल को जवान कंधों पर रखकर फायर कर सकते हैं और वायु सीमा का उल्लंघन करने वाले दुश्मन के हेलिकॉप्टर, फाइटर जेट्स या ड्रोन्स को मार गिरा सकते हैं। सूत्रों ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, भारतीय वायु सीमा के उल्लंघन की कोशिश करने वाले दुश्मन के एयरक्राफ्ट्स से निपटने के लिए रूस के इग्ला एयर डिफेंस सिस्टम से लैस भारतीय जवानों को सीमा पर ऊंचाई वाले अहम इलाकों में तैनात किया गया है।
रूसी मूल के इस एयर डिफेंस सिस्टम को इंडियन आर्मी के साथ-साथ एयर फोर्स भी इस्तेमाल करती है।

### दुश्मन के विमान को पलक झपकते मार गिराएंगी मिसाइलें